पाठ–17

# कपड़े तरह-तरह के

दानिश और उसकी बहन सिया दोनों दर्जी की दुकान पर कपड़े सिलवाने गए। दानिश ने दर्जी से कहा– ''मुझे कुरता–पायजामा सिलवाना है'', और सिया ने कहा– ''मुझे सलवार–कमीज। फिर दर्जी ने उन दोनों की नाप ली और उनसे कहा कि एक सप्ताह बाद सिले हुए कपड़े ले जाना।



घर जाते समय सिया ने दानिश से कहा कि दर्जी की दुकान पर कितने सुन्दर–सुन्दर, रंग–बिरंगे कपड़े टँगे हुए थे।

दानिश ने कहा– ''हाँ , बहुत सुन्दर थे।''

सिया – ''हम सभी लोग कितने अलग–अलग तरह के कपड़े पहनते हैं।''

1. चित्र में दर्जी की दुकान पर बहुत सारे कपड़े टँगे हुए हैं, उनके नाम लिखिए।

____________________________________________

____________________________________________

2. इन कपड़ों के अलावा और ऐसे कौन–कौन से कपड़े हैं जिन्हें आप और आपके आस–पास के लोग पहनते हैं? तालिका में उनके नाम लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

3. ऊपर बनाई गई तालिका में से छाँटकर लिखिए–

| कौन से कपड़े पुरुष पहनते हैं | कौन से कपड़े स्त्री/लड़कियाँ पहनती हैं |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

## कपड़े से क्या फायदे होते हैं :

कपड़े हमें गर्मी से, ठण्ड से, बरसात से और धूल मिट्टी से बचाते हैं। गर्मी में हम सूती कपड़े ज्यादा पहनते हैं। सूती कपड़े हवादार होते हैं, जिससे हमारा शरीर ठंडा रहता है। सर्दी में ऊनी कपड़े हमारे शरीर की गर्मी को बाहर नहीं निकलने देते।

ऊपर बनाई सूची में बहुत से कपड़े ऐसे होंगे, जिन्हें हम केवल सर्दी में पहनते हैं। इन सबके नाम लिखिए।

____________________________________________

____________________________________________

## कच्चे–पक्के रंग

नम्रता की माँ बाजार से उसके लिए रंग–बिरंगे कपड़े लाई। जब नम्रता ने कपड़े पहने तो उसके शरीर पर कपड़ों का रंग लग गया।

नम्रता ने माँ से पूछा– ''माँ, मेरे शरीर पर ये रंग क्यों लग गया?''

नम्रता की माँ ने कहा – ''जो कच्चे रंग होते हैं पानी लगने से उनके रंग निकल आते हैं।''

नम्रता बोली – ''तो क्या पक्के रंग भी होते हैं?''

माँ– ''हाँ, जो रंग धोने से नहीं हटते, वे पक्के रंग होते हैं।''

### 4. करके देखिए :

(i) कागज अथवा कपड़ा लीजिए। उस पर अलग–अलग तरह के रंग जैसे– स्याही, काजल, फूलों की पंखुड़ियों का रस, नील, हल्दी लगाइए। फिर उस पर थोड़ा–सा पानी डालिए। क्या रंग फैला या हल्का हुआ? लिखिए।

________________________________________________

________________________________________________

(ii) आप कुछ रंग–बिरंगे कपड़ों की कतरन को इकट्ठा कीजिए और उन्हें पानी से धोकर यह पता लगाइए कि उनका रंग पक्का है या कच्चा?

________________________________________________


________________________________________________

(iii) क्या फूलों से रंग बनाए जा सकते हैं? शिक्षक की मदद से पता लगाइए।

________________________________________________

________________________________________________

(iv) आप भी अपने आस–पास के फूलों–गुलाब, गेंदा, उड़हुल से रगड़ कर आगे बने चित्रों को रंगिए।



**5.** **हम विभिन्न प्रकार के वस्त्र पहनते हैं, कुछ वस्त्र को सिलने की ज़रूरत पड़ती है और कुछ को नहीं। अब आप सिले वस्त्र एवं बिना सिले वस्त्र की सूची बनाइए।**

| सिले वस्त्र | बिना सिले वस्त्र |
|---|---|
| ________________ | ________________ |
| ________________ | ________________ |
| ________________ | ________________ |

### यह भी कीजिए :

आपने कई तरह की सुन्दर–सुन्दर डिजाइन या चित्रों वाले कपड़े देखे होंगे। अब आप अपनी पसन्द के कपड़ों के चित्र कॉपी में बनाइए और रंग भरिए।

### गतिविधि :

भिण्डी या आलू को बीच से काटिये। उन पर गीले रंग लगाकर कागज या कपड़े पर ठप्पे लगाकर अपनी पसंद की रंग–बिरंगी डिजाइन तैयार कीजिए।

CCC